*कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जनपद चन्दौली*

*प्रेस नोट दिनांक- 06.09.2026*

*□थाना सैयदराजा व स्वाट पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में गोवध के मुकदमे में वांछित 25,000/- रुपये का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार।*

*पूर्व की घटना-*

दिनांक 15.07.2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चन्दौली की तरफ से एक नई टाटा इन्ट्रा पिकअप (बिना रजिस्ट्रेशन नंबर) बिहार की ओर जा रही है, जिसमें गोवंश लदे हैं। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम ने NH2 हाईवे, जेठमलपुर तिराहे के पास चेकिंग के दौरान एक नई सफेद और लाल रंग की टाटा इन्ट्रा पिकअप (चेसिस नंबर MAT5305405SYE19591) को रोका। पुलिस को देखकर वाहन चालक और उसके बगल में बैठा एक अन्य व्यक्ति वाहन छोड़कर अंधेरे व बारिश का फायदा उठाकर खेतों के रास्ते भागने में सफल रहे थे। पुलिस ने उक्त वाहन के डाले से क्रूरतापूर्वक एक-दूसरे से बांधे गए कुल 08 गोवंश (5 गाय और 3 सांड) बरामद किए गये थे। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पुलिस द्वारा मु.अ.सं. 196/2025, धारा 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही प्रचलित की गयी थी।

*चन्दौली-* उच्चाधिकारीगण के कुशल निर्देशन में थानाध्यक्ष सैयदराजा अशोक मिश्रा व स्वाट पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक राम जनम यादव के कुशल नेतृत्व में थाना सैयदराजा व स्वाट पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में मुखबिर की सूचना के आधार पर पंचफेड़वा अलीनगर से दिनांक 05.09.2026 को दोपहर करीब 13:20 बजे 25,000/- रुपये वांछित अभियुक्त चन्द्रशेखर राजभर (उम्र 26 वर्ष), पुत्र विजय राजभर, निवासी ग्राम बेला, थाना चोलापुर, जनपद वाराणसी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सैयदराजा पर पंजीकृत अभियोग संख्या 196/2025 में वांछित था।

*पूछताछ विवरण-*

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि दिनाँक 15.07.2025 को पुलिस चेकिंग को देखकर गोवंश से लदे वाहन को छोड़कर फरार हो गया था।

*गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-*

चन्द्रशेखर राजभर (उम्र 26 वर्ष), पुत्र विजय राजभर, निवासी ग्राम बेला, थाना चोलापुर, जनपद वाराणसी।

*पंजीकृत अभियोग:-*

मु.अ.सं. 196/2025, धारा 3/5A/5B/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, थाना सैयदराजा, जनपद चन्दौली।

*गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम:-*

- थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र थाना सैयदराजा, जनपद चन्दौली
- का0 रमाकान्त पटेल थाना सैयदराजा, जनपद चन्दौली

*स्वाट पुलिस टीम-*

1.नि- राम जन्म यादव प्रभारी स्वाट टीम जनपद चन्दौली।

2.मु आ -राणा प्रताप सिंह स्वाट टीम जनपद चन्दौली

3.मु आ. रामानंद यादव स्वाट टीम जनपद चन्दौली

4.मु.आ. आशुतोष सिंह स्वाट टीम जनपद चन्दौली

5.मु.आ. सतीश सिंह स्वाट टीम जनपद चन्दौली

6.मु0आ0 दीपक मिश्रा स्वाट टीम जनपद चन्दौली

7.आ. अमित सिंह स्वाट टीम जनपद चन्दौली

8.आरक्षी महेश कुमार स्वाट टीम जनपद चन्दौली